# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


## दोबारा शुरू होगा IPL 2025 तो बदल जाएंगे वेन्यू ? अब इन शहरों मे मैच कराएगी BCCI; सामने आई बड़ी जानकारी।


Publisher



Published on 10 May 2025


# बीसीसीआई ने खिलाड़ियों और लोगों की सेफ्टी को देखते हुए एक हफ्ते के लिए आईपीएल सस्पेडं किया है. वहीं IPL की लीग मैचों के लिए BCCI चार शहरों पर विचार कर रही है.

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शुक्रवार, 9मई को एक बड़ा फैसला किया था, जिसमें इंडियन प्रीमियन लीग को एक हफ्ते के लिए सस्पेंड किया गया. भारत-पाकिस्तान के बीच भारी तनाव के चलते बीसीसीआई ने फैसला लिया है. लेकिन अब जब एक हफ्ते बाद आईपीएल फिर से शुरू होंगे तो हो सकता है कि बाकी बचे मैचों के वेन्यू बदल जाएं. बीसीसीआई अब केवल भारत के चार शहरों में ही आईपीएल टूर्नामेंट का आयोजन रख सकती है.

भारत के वो 4 शहर, जहां होगा IPL
टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई आईपीएल के बाकी मैच कराने के लिए स्थिति को मॉनिटर कर रही है. अगर आईपीएल की शुरुआत एक हफ्ते बाद होती है तो क्रिकेट बोर्ड बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद में बाकी बचे हुए मैच करवा सकता है. लेकिन बीसीसीआई भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखकर ही कोई फैसला लेने वाला है.

कब रद्द हुआ मैच ?
दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच 8 मई की रात धर्मशाला स्टेडियम में मैच चल रहा था. इस मैच में पंजाब की टीम पहले बैटिंग करने आई और केवल 10.1 ओवर की खेल पाई. उस दौरान पाकिस्तान की ओर से भारत पर नाकाम हमले हो रहे थे, जिसे देखते हुए बीसीसीई ने सभी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मैच को वहीं रद्द करने का फैसला लिया. इसके बाद स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया.

दिल्ली लौटे आईपीएल के खिलाड़ी
दिल्ली-पंजाब के बीच मैच रद्द होने के बाद आईपीएल के सभी खिलाड़ियोंस सपोर्टिंग स्टाफ और क्रू मेंबर्स को स्पेशल ट्रेन के जरिए नई दिल्ली लाया गया. 9 मई की रात आईपीएल से जुड़े सभी मेंबर्स वंदे भारत ट्रेन से सुरक्षित वापस लौटे हैं. बीसीसीआई का कहना है कि खिलाड़ियों की सेफ्टी हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है.


DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.